हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936
सत्य • सार्थक • सदैव
गुरुवार
28 नवंबर 2024, रांची

बच्चों के लिए शिक्षा के साथ संस्कार जरूरीः अखिलेश

डीएवी नंदराज में बुधवार को वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। • हिन्दुस्तान

रांची, वरीय संवाददाता। डीएवी नंदराज स्कूल ने बुधवार को अपना वार्षिकोत्सव 'आरंभ' तीन हजार छात्र और अभिभावकों की उपस्थिति में मनाया। मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस अखिलेश कुमार झा, सम्मानित अतिथि डीआजी सुमंत सिंह, सीआईएसएफ रांची पीयूष पांडे और अन्य उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने कहा, इस स्कूल ने वैदिक सभ्यता के साथ जो आधुनिक शिक्षा के कॉन्सेप्ट को दिखाया है वह सराहनीय है। बच्चों के लिए शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। प्राचार्य डॉ रविप्रकाश तिवारी ने कहा, विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा, स्वरोजगार प्रशिक्षण के साथ भारतीय सभ्यता-संस्कृति का ज्ञान देना है।

बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति की सराहना मिली। स्प्रट ऑफ द फारेस्ट, इनक्रेडिबल इंडिया, मेलोडी ऑफ विजडम, रिट्रो रीवाइंड, एक्शन स्पीक लाउडर दैन वर्ड्स, एसेंस ऑफ वेदाज से उन्होंने खूब तालियां बटोरीं।

अजय सिंह, डीसी इनकम टैक्स, सुनील कुमार, एडमिस्टेटिव इन्क्वायरी आफिसर, शिवशंकर पांडे सर्कल आफिसर, विनय कुमार डीईओ रांची, बादल राज डिस्ट्रिक्ट सुपरिटेंडेंट ऑफ एजुकेशन, दीप्ति कुमारी सब डिविजनल एजूकेशनल आफिसर व अन्य मौजूद थे।